प्रेस विज्ञप्ति

10 दिसंबर 2021

पीएफसी द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए भारत सरकार को 369.57 करोड़ रुपए के दूसरे अंतरिम लाभां का भुगतान किया गया

नई दिल्ली: पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन, एक अनुसूची-'क' महारत्न सीपीएसई और विद्युत क्षेत्र के लिए भारत की अग्रणी एनबीएफसी ने 10 दिसंबर, 2021 को वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए दूसरे अंतरिम लाभांश के रूप में भारत सरकार को 369.57 करोड़ रुपए और अन्य शेयरधारकों को 290.45 करोड़ रुपए, अर्थात कुल 660.02 करोड़ रुपए का भुगतान किया है।

निदेशक मंडल द्वारा 11 नवंबर, 2021 को आयोजित अपनी बैठक में 25% अर्थात प्रत्येक 10 रुपए के अंकित मूल्य के 2.50 रुपए प्रति इक्विटी शेयर की दर पर दूसरे अंतरिम लाभांश की घोषणा की गई थी और यह वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए 22.5% अर्थात प्रत्येक 10 रुपए के अंकित मूल्य के 2.25 रुपए प्रति इक्विटी शेयर की दर पर 10 सितंबर, 2021 को भारत सरकार को भुगतान किए गए 332.61 करोड़ रुपए एवं अन्य शेयरधारकों को भुगतान की गए 261.4 करोड़ रुपए, कुल 594.01 करोड़ रुपए के पहले अंतरिम लाभांश के अतिरिक्त है।

इसके साथ ही, पीएफसी ने वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए 47.5% अर्थात प्रत्येक 10 रुपए के अंकित मूल्य के 4.75 रुपए प्रति इक्विटी शेयर की दर पर अपने शेयरधारकों को अब तक 1254.03 करोड़ रुपए के अंतरिम लाभांश का भुगतान किया है।

ह/-

(एस. एस. राव)
मुख्य महाप्रबंधक (पीआर)